**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 11 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक– 07.11.2023**

**दिनांक 06/07.11.2023 को रात्रि थाना चिनहट 03, गोमतनीनगर 01, हजरतगंज 01, मड़ियांव 03, महानगर 01, पीजीआई 02 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना कैसरबाग 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 11 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 उत्तरी**

**जुआ खेलते समय गिरफ्तार।**

**थाना मोहनलालगंज**–दिनांक 07.11.2023 को एस0आई0 श्री यशवन्त सिंह थाना मोहनलालगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–सुमित पुत्र राम किशोर निवासी–ग्राम दहियर थाना मोहनलालगंज लखनऊ 02–राकेश कनौजिया पुत्र सन्तराम निवासी–ग्राम दहियर थाना मोहनलालगंज लखनऊ को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान लटियारी बाबा मन्दिर कुलवन्त प्रधान का प्लाट ग्राम दहियर थाना मोहनलालगंज से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते, मालफड़ में 2180/–रूपये नगद बरामद कर थाना मोहनलाल गंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**थाना चौक**–दिनांक 07.11.2023 को थाना चौक द्वारा बताया गया कि वादी श्री अनुराग प्रजापति पुत्र श्री राम समुझ निवासी–वर्तमान पता–केजीएमसी कलाम सेंटर लखनऊ थाना चौक लखनऊ मूलनिवासी–सिधारी जनपद आजमगढ़ ने थाना चौक पर सूचना दिया कि दिनांक 04.11.2023 को वादी को शाम करीब 04.00 बजे आईसीआईसीआई बैंक क नाम से एक अज्ञात नं0 से कॉल आयी, उसने वादी से कहा कि वादी के क्रेडिट कार्ड को इण्टरनेशनल मोड ऑन है जिसके 4000/–रूपये प्रति माह वादी के एकाउंट से कटेंगें। उसके द्वारा वादी को उसे ऑफ करने को कहा गया। वादी द्वारा जांच करने पर वह मोड दिखाई नहीं दिया तो वादी से उक्त व्यक्ति ने कहा कि वादी का एप अपडेट न होने के कारण वादी को वह ऑप्शन दिखायी नहीं दे रहा है। उक्त व्यक्ति ने वादी को व्हाट्सप पर एक लिंक भेजा जिसे क्लिक करने मात्र से वादी के क्रेडिट कार्ड से कई बार में कुल 57715.52/–रूपये कट गये। फिर दूसरे दिन पैसे वापस करने के लिए फिर उक्त नं0 से वादी को कॉल आया और वादी का आधार व पैन नं0 मांगा। इसके बाद उक्त द्वारा वादी का मोबाइल हैक करने की कोशिश की गयी इस पर वादी ने फोन काट दिया और अपना आधार कार्ड ब्लाक करा दिया। **इस सूचना पर थाना चौक पर मु0अ0सं0 259/2023 धारा 406/420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधाननिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना इंटौजा**–दिनांक 07.11.2023 को थाना इटौंजा द्वारा बताया गया कि वादी श्री दयाराम पुत्र स्व0 छोटन्ने निवासी ग्राम बाहरगाँव थाना इटौंजा जनपद लखनऊ ने थाना इटौंजा पर सूचना दिया कि वादी का पुत्र करन गौतम पुत्र दयाराम गौतम आयु करीब 22 वर्ष सीतापुर की तरफ से अपनी वाहन सं0 यू0पी032–एन0एन 2601 (विक्रम) को लेकर लखनऊ, की तरफ जा रहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर जैसे ही बेलवा ग्राम दूसरी तरफ अशोक लीलैण्ड सर्विस सेन्टर के सामने पहुँचा वैसे ही पीछे से एक अज्ञात डम्फर का चालक बड़ी तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उक्त वाहन में पीछे से टक्कर मार दी जिससे उक्त विक्रम घटनास्थल पर ही पलट गई और चालक की उसी के नीचे दबकर मौके पर मृत्यु हो गई। उक्त घटना समय करीब 8.30 बजे रात्रि दिनांक 06.11.2023 की है जब मै मौके पर पहुँचा तो मेरा पुत्र उपरोक्त मृत मिला, दुर्घटना की वजह से गम्भीर चोट भी आई एवं उक्त वाहन भी कुछ छतिग्रस्त हो गया। **इस सूचना पर थाना इटौंजा पर मु0अ0सं0 250/2023 धारा 279/304ए/427 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**